Dainik Bhaskar, Indore, Sep 05 2012

ऑडी में क्विज, सोशल साइट पर लाइव कमेंट्री

लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल टीसीएस की आईटी क्विज मंगलवार को पहली बार शहर में हुई। पार्टिसिपेंट्स ने तो प्राइज जीते ही, क्विज पर नजरें गड़ाए बैठी ऑडियंस ने भी ट्विटर जैसी सोशल साइट्स पर लाइव अपडेट देने के लिए इनाम पाए।

कॉम्पटिशन

सिटी रिपोर्टर, इंदौर

क्विज के आखिरी चंद मिनट। टोटल कॉम्बेट राउंड चल रहा था। सेंट पॉल स्कूल और एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल का स्कोर बराबरी पर। स्क्रीन पर सवाल आया - कौन-सी आईटी कंपनी अपने प्रोडक्ट्स के लिए सबसे कम एडवरटाइजमेंट करती है। सेंट पॉल स्कूल के पंकज मनचंदा और प्रत्युष सामल ने सही जवाब दिया। टाइम अप हुआ और इस स्कूल ने लीड लेते हुए नेशनल राउंड में जगह पक्की कर ली। नीलेश लाहोटी ने इस रोमांचक क्विज के 45 मिनट तक चले सबसे रोचक दौर की लाइव कमेंट्री के 40 अपडेट्स ट्विटर पर भेजे। इसके लिए उन्हें प्राइज भी मिला। मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में कुछ ऐसा ही नजारा था। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस के मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहे आईटी क्विज में स्कूलों के बीच नॉलेज लेवल की कॉम्पटिशन हो रही थी।

इस क्विज को 'आईटी विज' नाम दिया गया। इसे देखने के लिए ऑडिटोरियम पूरी तरह भरा हुआ था। क्विज एक स्पेशल सॉफ्टवेयर से ऑपरेट हो रहा था। तकरीबन एक हजार बच्चों के बीच प्रिलिमिनरी राउंड हुआ। इसके बाद शहर से छह स्कूल्स के 12 स्टूडेंट्स चुने गए। क्विज के रीजनल राउंड 14 शहरों में चल रहे हैं। इसमें इंदौर के साथ ही हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली शामिल हैं। रीजनल राउंड के बाद चेन्नई में दिसंबर में नेशनल फाइनल राउंड होगा। इसमें 14 शहरों की विनर टीमें और यूएई की विनर टीम के बीच नेशनल चैंपियनशिप का आखिरी दौर होगा।

क्विज में शहर के एक हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हुए। -भास्कर

ये टीमें हुईं शामिल

रीजनल राउंड में चोइथराम स्कूल से स्वप्निल रावत व अतुल शुक्ला, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल से अभिषेक नाइक व पलाश अग्रवाल, कोलंबिया कॉन्वेंट से मृदुल एस. गोले व मुबश्शिर खान, डेली कॉलेज से परितोष गुप्ता व कुबेर बगली, आर्मी पब्लिक स्कूल के करण वैद्य व जयराज सिंह पॉल और सेंट पॉल स्कूल के पंकज मनचंदा और प्रत्युष सामल ने क्विज में हिस्सा लिया। क्विज की खासियत थी एनिमेटेड क्विज सॉफ्टवेयर 'क्विज मास्टर फिक्शन'।

20 सवालों का सेट

इंटरस्कूल क्विज में छह टीमों के सलेक्शन के लिए 20 सवालों का कॉमन सेट रखा गया। इसमें लिखित टेस्ट को क्लीयर करने वाली टीमों को फाइनल में एंट्री दी गई। क्विज में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की एप्लिकेशंस, इंटरनेशनल और नेशनल आईटी पर्सनैलिटी, आईटी और टेलीकम्युनिकेशन कंपनियों के एडवरटाइजमेंट, सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स और ब्रांड्स से जुड़े सवाल शामिल थे। क्विज में एजुकेशन, एंटरटेनमेंट, बुक्स, मल्टीमीडिया, इंटरनेट, बैंकिंग, स्पोर्ट्स, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग, ब्लॉगिंग और सेल फोन्स जैसी फील्ड से रिलेटेड सवाल शामिल किए गए। नेशनल चैंपियनशिप टाइटल के लिए सेंट पॉल स्कूल ने क्वालिफाई किया। एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल रनर अप रहा। डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. जयंत सोनवलकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव ने पुरस्कार वितरित किए। गिरि बालसुब्रमण्यम ने इवेंट होस्ट किया।